RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 256 | नागौर, 24 अगस्त, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# प्रदेश में बारिश का कहर जारी, बाढ़ के हालात



## 7 जिले डूबे

जयपुर.

दो दिन की भारी बारिश ने राजस्थान में बाढ़ के हालात पैदा कर दिए हैं। सात जिलों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। धौलपुर और झालावाड़ में पानी में फंसे हजारों लोगों का रेस्क्यू करने के लिए सेना को तैयार करने के लिए कहा गया है। बारां में 20 लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए सेना से हेलिकॉप्टर मांगा गया है।

वहीं, पांच से ज्यादा जिलों में एनडीआरएफ (नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स) और एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर रिलीफ फोर्स) की 17 टीमों को भेजा गया है। हाड़ौती क्षेत्र में बिगड़ते हालातों को देखते हुए सेना के हेलीकॉप्टर को भी स्टैंडबाय मोड पर रखा गया है।

## अब तक सामान्य से 46% ज्यादा बरसात

राजस्थान में इस मानसून सीजन की स्थिति देखे तो अब तक सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बरसात राज्य में हो चुकी है। 336.5एमएम बारिश के मुकाबले 492.8 एमएम औसत बरसात अब तक हो गई। जिलेवार स्थिति देखें तो सबसे ज्यादा बरसात झालावाड़ में 994.7 एमएम बरसात हुई। इसके बाद कोटा में 974.5, सिरोही में 907.5, प्रतापगढ़ में 872.8, बारां में 813, बांसवाड़ा में 787.2, बूंदी 751.2, उदयपुर 715.2, टोंक 656 और डूंगरपुर में 651.2 एमएम बरसात हुई।





### सेना के हेलिकॉप्टर से लोगों को एयरलिफ्ट किया

### एनडीआरएफ की 17 टीमें तैनात; 40 हजार लोग फंसे

## 40 हजार से ज्यादा लोग फंसे

**उफान मारती नदियों और ओवरफ्लो डैम से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ी है। झालावाड़, बारां, बूंदी, कोटा, सवाई-माधोपुर और करौली में 40 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। प्रशासन की सेना से मदद मांगने के बाद आर्मी ने झालावाड़, धौलपुर में एक-एक कॉलम उतारे हैं.**

### रास्ते बंद, संपर्क टूटा

बारां में ल्हासी और अंधेरी नदी के उफान पर होने के कारण देर रात 10 बजे से ही छबड़ा व छीपाबडौद मार्ग अवरुद्ध है। इधर पार्वती नदी के उफान पर होने से धरनावदा- छबड़ा मार्ग, जलवाड़ा-बराना मार्ग सहित अन्य मार्ग अवरुद्ध है। करौली में जिला प्रशासन की ओर से आज सुबह से ही राहत-बचाव कार्य के लिए टीमों को भेजा रहा है। हालांकि, चंबल में उफान ज्यादा है इसलिए ग्रामीणों तक पहुंचने में समय लग रहा है। जिले के करणपुर के गोटा और बंधवारा गांव को खाली कराया गया है। परवन नदी में उफान के चलते झालावाड़-बारां मेगा हाइवे पर भी आवागमन बंद है। इसके कारण लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ल्हासी डैम के 2 गेट 1 डेढ़ मीटर और 1 गेट 1.70 मीटर खुला है। यहां 198.40 क्युमेक पानी की निकासी की जा रही है। जयपुर में सबसे ज्यादा बारिश दूदू में 48 एमएम रिकॉर्ड की गई। वहीं, जयपु शहर बीते 24 घंटे में कुल 29एमएम बारिश हुई। इसके अलावा जमवारामगढ़ में 36 एमएम, फागी में 34 एमएम, आमेर में 28, आंधी में 26, बस्सी में 27, चोमूं में 21, जोबनेर में 24, नारायणा में 26 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।



### बीसलपुर बांध में तेज हुई पानी की आवक

अजमेर, जयपुर की लाइफ लाइन माने जाने वाले बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक तेज हो गई। गंभीरी डेम से पानी छोड़े जाने के बाद त्रिवेणी नदी का गेज बढ़कर 7 मीटर पर पहुंच गया, जिसके चलते बांध का गेज पिछले 24 घंटे के दौरान 313 .02 से बढ़कर 313 .91 आरएल मीटर पर पहुंच गया। बांध की मॉनिटरिंग कर रहे इंजीनियरों की मानें तो जिस स्पीड से पानी आ रहा है, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बांध के अगले 2-3 दिन में गेट खोलने पड़ सकते हैं।

### मानसून में पहली बार माहीडेम के 16 गेट खोले

**बांसवाड़ा.** बांसवाड़ा में मानसून मेहरबान है। सोमवार रात से आज सुबह तक बारिश का दौर जारी है। लगातार बरसात से नदी-नाले उफान पर है। इस कारण बांसवाड़ा का डूंगरपुर, उदयपुर और प्रतापगढ़ से संपर्क कट चुका है। पानी की अच्छी आवक के बाद माही डेम के सभी 16 गेट खोले गए है।

इसके किनारे के दो गेट आधा-आधा मीटर खुले रहे। बीच वाले 14 गेटों की ऊंचाई लगातार बढ़ती रही है। आज सुबह साढ़े 7 बजे 14 गेट दो-दो मीटर खुले थे। इसके बाद 9 बजे ऊंचाई बढ़ाकर 3-3 मीटर कर दी गई। अभी 11 बजे डेम के 14 गेट 4-4 मीटर खोल दिए गए हैं।

## सोनिया गांधी से मिले अशोक गहलोत

### बोले- अध्यक्ष पद पर मेरा नाम चला दिया, मुझसे तो कोई चर्चा कर नहीं रहा



नई दिल्ली/जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की है। गुजरात दौरे पर जाने से पहले गहलोत ने सोनिया गांधी से संगठन चुनावों और गुजरात विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा की है। गहलोत ने राजस्थान को लेकर भी फीडबैक दिया है। गहलोत सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद गुजरात दौरे पर गए हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नाम चलने के सवाल पर सीएम अशोक गहलोत ने सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा- मेरा नाम तो चला? दिया है, लंबे अरसे से मैं सुन रहा हूं। मुझसे कोई चर्चा कर नहीं रहा है। मेरा नाम मीडिया वाले चला रहे हैं कि आप अध्यक्ष बन रहे हैं,अध्यक्ष बनेंगे। नाम कई हैं देश के अंदर, संगठन में कई कार्यकर्ता हैं और एक से बढ़कर एक हैं। जब मौका आएगा तो सब मिलकर अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। अभी देश के जो हालात हैं,उसमें तमाम लोग मिलकर एक राय होकर ही अध्यक्ष का चुनाव करेंगे तो बेहतर होगा। गहलोत इससे पहले अध्यक्ष बनने से साफ इनकार कर चुके हैं।

### राहुल गांधी अध्यक्ष बनेंगे तभी कांग्रेस नए सिरे से उभरेगी

गहलोत ने कहा- हम बार बार कह रहे हैं कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद पर आएंगे तभी कांग्रेस नए सिरे से उभरकर आएंगे। राहुल गांधी नहीं आएंगे तो लोग निराश हो जाएंगे और घर बैठ जाएंगे। सबकी यह भावना है कि राहुल गांधी पार्टी का नेतृत्व करें। हमारा उन पर दबव रहेगा कि वे अध्यक्ष बनें, यह प्रयास रहेगा। अभी तो हमें उनकी भारत जोड़ो यात्रा को भी सफल बनाना है। गहलोत ने कई बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम की पैरवी कर चुके हैं। गहलोत के अलावा कई और नेता भी राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू है और अगले महीने राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला होने की संभावना है।

### राजस्थान यूनिवर्सिटी चुनाव

## एबीवीपी की सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी, फंदा लगाने की कोशिश

### 2 नामांकन खारिज होने से भड़के नेता; चुनाव अधिकारी को मारने दौड़े राष्ट्रीय मंत्री

जयपुर।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में आज नामांकन वापसी के दिन जबरदस्त हंगामा हो गया। स्क्रूटनी कमेटी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के महासचिव और उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के नामांकन खारिज कर दिए। इस बात से भड़के उम्मीदवार ने फांसी लगाने की कोशिश की, वहीं एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दी है।

मुख्य चुनाव अधिकारी के कक्ष के बाहर जमा हुए कार्यकर्ताओं ने इस बीच एबीवीपी के पट्टे से ही फांसी तक लगाने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद भारी पुलिस बल ने छात्रों के हाथ रोक दिए। इससे पहले दोपहर 12 बजे के करीब एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा मुख्य चुनाव अधिकारी को मारने तक के लिए दौड़ पड़े, लेकिन पुलिस ने मीणा को पहले ही रोक लिया।

इस दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं की भीड़ डीएसडब्ल्यू (डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर) ऑफिस का घेराव करने पहुंची।

वहीं, मौके पर मौजूद पुलिस ने भीड़ को आगे नहीं बढ़ने दिया। उधर स्टूडेंट की भीड़ को देखते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी ने अपने दफ्तर को अंदर से बंद कर लिया और किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी।

मुख्य चुनाव अधिकारी (राजस्थान यूनिवर्सिटी) हर्ष द्विवेदी के अनुसार महासचिव के एबीवीपी उम्मीदवार अरविंद झा ने कोर्ट के नियमों के विपरीत नामांकन दाखिल किया था, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए साक्षी ने गलत दस्तावेज पेश किए थे।

ऐसे में दोनों प्रत्याशियों का नामांकन खारिज हो गया है। इसे लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ता डीएसडब्सलयू (डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर) ऑफिस में हंगामा कर रहे हैं।



## मंत्री की बेटी ने उम्मीदवार के हाथ जोड़े, पैर पकड़े

### मेरे घरवालों पर भी पार्टी का प्रेशर : निहारिका

राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में मंगलवार को कई रंग देखने को मिले। एबीवीपी के दो उम्मीदवारों के नामांकन जहां रद्द हुए, वहीं निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को मनाने की कोशिश की गई। अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रही मंत्री मुरारी लाल मीना की बेटी निहारिका जोरवाल हाथ जोड़ते और पैर पकड़ते नजर आई। निहारिका जोरवाल ने एनएसयूआई का टिकट नहीं मिलने पर अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है। निहारिका ने अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार प्रताप भानु मीणा को मनाने की खूब कोशिश की। नहीं माने तो पैरों में पड़ कई बार नामांकन वापस लेने की अपील की। जब प्रताप भानु नहीं माने तो डीएसडब्ल्यू ऑफिस पहुंची उनकी बहन कोमल के पैर पकड़ लिए। इस दौरान वह लगातार रो भी रही थी।

**निहारिका के समर्थक ने पकड़ा प्रत्याशी का गला**-बार-बार कोशिश के बावजूद नहीं मानने पर निहारिका के समर्थक नरेश मीणा ने गुस्से में प्रताप भानू से हाथापाई शुरू कर दी। इससे नाराज प्रताप ने आखिरी समय तक अपना नामांकन वापस नहीं लिया। हालांकि मनाने की एक और कोशिश में निहारिका ने प्रताप भानू की बहन कोमल को भी समझाने और मनाने की कोशिश की। निहारिका लगातार गिड़गिड़ाती रहीं।

## राजू श्रीवास्तव का वेंटीलेटर सपोर्ट कम किया

कानपुर।



कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का मंगलवार को एम्स में 14वां दिन है। वह अभी भी कोमा में हैं। राजू के परिवार के करीबी मित्र ने बताया कि अब वेंटीलेटर सपोर्ट कम किया गया है। मुंह की जगह गले में छेद कर नली से ऑक्सीजन दी जा रही है। एम्स के न्यूरोलॉजी की हेड डॉ. पद्मा श्रीवास्तव की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर्स के मुताबिक, राजू की सेहत की ग्रोथ धीमी है, लेकिन उनके बॉडी के सभी ऑर्गन बिल्कुल फिट काम कर रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद और परिवार के करीबी सुनील कनौजिया ने बताया, राजू के स्वास्थ्य में जिस तरह से सुधार हो रहा है। उनका वेंटीलेटर एक या दो दिन में धीरे-धीरे कुछ घंटों के लिए हटाया जा सकता है। पहले भी एक बार एक घंटे के लिए वेंटीलेटर हटाया गया था। उन्होंने बताया, ब्रेन में संक्रमण फैलने के बाद दोबारा लगा दिया गया था। अब संक्रमण खत्म हो गया है। उनको मोशन और यूरिन भी सामान्य रूप से हो रहा है। दूध और जूस नली से दिया जा रहा है।

### अब संविधान पीठ तय करेगी शिवसेना किसकी

## बेंच 8 सवालों से फैसला करेगी, अगली सुनवाई 25 अगस्त को : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली।



शिवसेना पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को फिर सुनवाई हुई। सीजेआई एनवी रमना, जस्टिस कृष्णा मुरारी और जस्टिस हिमा कोहली ने शिंदे की शिवसेना बनाम उद्धव की शिवसेना केस को संविधान पीठ को भेज दिया है। तीन जजों की बेंच ने 8 सवाल तैयार किए हैं, जिसके आधार पर संविधान फैसला करेगी कि शिवसेना किसकी है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह पार्टी सिंबल विवाद पर गुरुवार तक फैसला ना ले। पांच जजों की बेंच इस मामले पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी।

### शिंदे ने अयोग्यता के आरोप को बताया था गलत

पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शदिं ने कहा था कि? हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शविसैनिक हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि शिंदे गुट में जाने वाले विधायक संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्यता से तभी बच सकते हैं, अगर वो अलग हुए गुट का किसी अन्य पार्टी में विलय कर देते हैं। उन्होंने कहा था कि उनके बचाव का कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

## सम्पादकीय

# आतंक के ठिकाने

रूस और यूक्रेन के बीच लंबा खिंचता युद्ध तो चिंता पैदा कर ही रहा है, उससे भी बड़ा खतरा अब यह लग रहा है कि कहीं ये देश आतंकी गतिविधियों का भी केंद्र न बन जाएं। मास्को में हाल में हुई दो घटनाएं चौंकाने वाली रहीं। ताजा घटना यह कि रूस की शीर्ष खुफिया एजंसी फेडरल सिक्युरिटी सर्विस (एफएसबी) ने इस्लामिक स्टेट यानी आइएस के एक आत्मघाती हमलावर को गिरफ्तार किया।

इसके बारे में एफएसबी का दावा है कि यह आतंकी भारत में बड़े नेताओं पर हमले करने की तैयारी में था और मास्को के रास्ते भारत पहुंचने वाला था। बताया जा रहा है कि यह किसी मध्य एशियाई देश का ही नागरिक है। यह भी पता चला है कि इसे इसी साल तुर्की में आइएस में शामिल किया गया और भारतीय नेताओं पर आत्मघाती हमले का प्रशिक्षण दिया गया। इस आतंकी की गिरफ्तारी से यह तो साफ हो गया कि आतंकी अब रूस को अपना नया ठिकाना बनाने की तैयारी में हैं।

वैसे भी मध्य एशिया के कई देशों में आइएस का जाल फैल चुका है। अगर रूस आतंकियों के लिए नया रास्ता बन गया तो यह खतरा उसके लिए भी कम बड़ा नहीं होगा। दूसरी घटना भी कम गंभीर नहीं है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बेहद करीबी सहयोगी एलेक्जेंडर दुगीन की बेटी दारया दुगीना की हत्या कर दी गई। गौरतलब है कि दुगीन रूस में ऐसे कट्टर राष्ट्रवादी नेता के रूप में जाने जाते हैं जो पड़ोसी देशों को रूस में मिलाने के प्रबल पक्षधर रहे हैं। कहा यह भी जा रहा है कि यूक्रेन पर हमला उन्हीं के दिमाग की उपज है और उनकी योजना पर ही पुतिन ने इतना बड़ा कदम उठा लिया।

दावा तो यहां तक किया जाता है कि वे ही पुतिन के दिमाग हैं। अगर वाकई यह सब है, जैसा कि कहा और दावा किया जा रहा है, तो निश्चित ही वे हत्यारों के निशाने पर रहे होंगे। इसके अलावा दुगीना भी अमेरिका की कट्टर विरोधी थीं और यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका व पश्चिमी देशों का कड़ा विरोध कर रही थीं। मामला ने तब और गंभीर मोड़ ले लिया जब दुगीना की हत्या के कुछ ही घंटों बाद यूक्रेन के एक बड़े खुफिया अधिकारी की हत्या कर दी गई।

रूस का कहना है कि दुगीना की हत्या यूक्रेन ने करवाई है। आरोप तो ये भी हैं कि इसमें अमेरिका का हाथ है। लेकिन जो भी हो, यह तो अब साफ हो चला है कि रूस-यूक्रेन जंग की दिशा बदलती जा रही है और एक दूसरे को सबक सिखाने के दूसरे तरीके भी आजमाए जा रहे हैं। हालांकि ये दोनों घटनाएं प्रकृति में अलग हैं, लेकिन युद्धरत देशों में आतंकी संगठनों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यूक्रेन रूस पर ये आरोप तो पहले से लगा ही रहा है कि वह लड़ाई में आतंकी संगठनों के लड़ाकों का इस्तेमाल कर रहा है।

ऐसे ही आरोप रूस के भी हैं। सीरिया, इराक, अफगानिस्तान, लेबनान, फिलस्तीन जैसे देशों में आतंकी संगठन कहर ढहाते ही रहे हैं। अफ्रीकी देशों में आइएस की जड़ें गहरी हैं। इसी कड़ी में अब एशिया में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों में भी आइएस अपना जाल बिछाने में लगा है। भारत में आतंकी संगठनों के लिए काम करने वाले लोगों की हाल के दिनों हुई गिरफ्तारियों से इसकी पुष्टि होती है। वैसे भी भारत के लिए आतंकवाद बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में इस मोर्चे पर जरा भी ढिलाई महंगी पड़ सकती है।

# उच्च शिक्षा और शोध की दिशा

**ज्ञान संचालित अर्थव्यवस्था और सीखने के समाज में उच्चतर शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। जहां तक व्यावसायिक शिक्षा और पेशेवर प्रशिक्षण का सवाल है, बीते कुछ दशकों से इसकी मांग बढ़ी है। नई शिक्षा नीति 2020 भी ऐसी ही भावनाओं से ओत-प्रोत है। उच्च शिक्षा को लेकर जो सवाल उभरते हैं, उसमें एक यह कि क्या विश्व परिदृश्य में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच उच्चतर शिक्षा और ज्ञान के विभिन्न संस्थान स्थिति के अनुसार बदल रहे हैं? और दूसरा यह कि क्या शिक्षा का तकनीकी होने का बड़ा लाभ देश उठा पा रहा है? शोध और अनुसंधान को लेकर भी ऐसे ही सवाल मानस पटल पर उभरते रहे हैं। इसलिए कुछ ऐसे सवाल हैं जो भारत के संदर्भ में प्रासंगिक बने हुए हैं। जैसे- आज की वैज्ञानिक प्रतिस्पर्धा वाली दुनिया में भारत के अनुसंधान एवं विकास की क्या स्थिति है? चीन व जापान जैसे देशों से भारत शोध कार्यों के मामले में पीछे क्यों है? शोध व विकास को लेकर भारत की प्रगति में वह कौनसी रुकावट है जो अनुसंधान का पहिया रोक रही है?**

**किसी** भी देश का विकास वहां के लोगों के विकास से गहरा संबंध रखता है। कोई देश विकास के पथ पर तभी आगे बढ़ा है और बढ़ सकता है जब उसके पास उच्च शिक्षा के स्तर पर शोध और अनुसंधान के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। प्रशासनिक चिंतक पीटर ड्रकर ने दशकों पहले कह दिया था कि आने वाले वक्त में ज्ञान का समाज दुनिया के किसी भी समाज से ज्यादा प्रतिस्पर्धात्मक बन जाएगा। किसी देश की समृद्धि का स्तर इस बात से आंका जाएगा कि वहां शिक्षा का स्तर कैसा है। बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अब दुनिया इस आकलन पर भी आकर अपना मंतव्य रखेगी कि अमुख देश का शोध और अनुसंधान किस स्तर का है। गौरतलब है कि शिक्षण, शोध एवं विस्तार कार्य इन तीनों उद्देश्यों की पूर्ति का माध्यम उच्च शिक्षा है, जबकि मानव जाति, संस्कृति और समाज का ज्ञान शोध से संचालित होता है। यूनेस्को के अनुसार ज्ञान के भंडार को बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से किए गए सृजनात्मक कार्य को ही शोध एवं विकास कहा जाता है। गौरतलब है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में शुरू में ज्ञान के सृजन का हस्तांतरण भूमंडलीय सीख और भूमंडलीय हिस्सेदारी के आधार पर हुआ था। बाजारवाद के चलते शिक्षा मात्रात्मक रूप से तो बढ़ी और निजी संस्थाओं में भी विकसित होती गई, मगर गुणवत्ता के मामले में कमजोर पड़ती गई। यहीं से उच्च शिक्षा और उसमें निहित अनुसंधान की प्रगति का पहिया धीमा पड़ने लगा। इसमें संदेह नहीं कि अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं।

पड़ताल बताती है कि लगभग पांच दशक पहले पचास फीसद से अधिक वैज्ञानिक अनुसंधान विश्वविद्यालयों में ही होते थे। इतना ही नहीं, विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा के गढ़ और शोध केंद्र के तौर पर भी देखा जाता था। मगर मौजूदा समय में अब स्थिति केवल उपाधियों के वितरण तक ही सीमित दिखाई देती है। इसके पीछे एक बड़ा कारण अनुसंधान के लिए धन की उपलब्धता में कमी भी है। साथ ही युवाओं का शोध में कम तथा अन्य क्षेत्रों में जुड़ाव का अधिक होना भी है। महिलाओं के मामले में यह कहना अतार्किक नहीं होगा कि उच्च शिक्षा तक पहुंच ही उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।

कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में उपलब्धियों को छोड़ दें, तो शोध और अनुसंधान के मामले में वैश्विक पटल पर भारत की स्थिति मजबूत नहीं दिखती। मौजूदा समय में देश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने वालों की संख्या सभी प्रारूपों में चार करोड़ से अधिक है। सभी प्रकार के विश्वविद्यालयों की संख्या भी हजार से अधिक है। चालीस हजार से ज्यादा महाविद्यालय हैं। इसके अलावा कई सरकारी और निजी शोध संस्थाएं भी देखी जा सकती हैं। यह बात जितनी शीघ्रता से समझ ली जाएगी कि शोध एक समुचित, सुनिश्चित और आकलन व प्राक्कलन से भरा विकास का एक ऐसा वैज्ञानिक रास्ता सुझाता है, जिससे देश के समावेशी ढांचे को न केवल मजबूत करना संभव है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का फलक भी इसी से हासिल किया जा सकता है। किसी भी देश का विकास वहां के लोगों के विकास से गहरा संबंध रखता है। कोई देश विकास के पथ पर तभी आगे बढ़ा है और बढ़ सकता



है जब उसके पास उच्च शिक्षा के स्तर पर शोध और अनुसंधान के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। शोध और नवाचार के मामले में भारत अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का महज 0.7 फीसद ही खर्च करता है, जबकि अमेरिका 2.8 फीसद और चीन 2.1 फीसद के साथ तुलनात्मक बढ़त लिए हुए है। इतना ही नहीं इजराइल और दक्षिण कोरिया जैसे देश शोध संबंदी क्रियाकलापों पर कुल जीडीपी का चार फीसद से अधिक खर्च करते हैं। अमेरिका और चीन के समावेशी खर्च को शोध की दृष्टि से देखें तो व्यापार युद्ध और कूटनीतिक लड़ाई के अलावा दोनों देशों में शोध और उच्च शिक्षा को लेकर भी भारी प्रतिस्पर्धा है। चीन ने शोध प्रकाशित करने और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। जापान के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की रिपोर्ट पर नजर डालें तो साफ है कि पूरी दुनिया में जितने शोध पत्र प्रकाशित होते हैं, उसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी चीन की ही है। इसके बाद अमेरिका और जर्मनी का स्थान आता है। गौरतलब है कि साल 2018 से 2022 के बीच चीन ने 27.2 फीसद शोध पत्र प्रकाशित किए, जबकि अमेरिका में यही आंकड़ा 24.9 फीसद है। रिपोर्ट से यह भी परिलक्षित होता है कि चीन में जहां इंजीनियरिंग, गणित, सामग्री विज्ञान में सबसे ज्यादा शोध हो रहे हैं, वहीं अमेरिका बुनियादी जीवन विज्ञान और भौतिक विज्ञान में सबसे ज्यादा शोध कर रहा है। चीन से पिछड़ने के चलते अमेरिका ने अपने शोध कार्यों को मजबूती देने के लिए आगामी दस वर्षों में दो सौ अमेरिकी डालर खर्च करने का फैसला लिया है। अब बात भारत की। शोध में भारत का वैश्विक स्थान अच्छा नहीं है। यही वजह है जिसके चलते शोध का फायदा जनता को नहीं मिल पाता है। जब तक शोध में खर्च नहीं बढ़ाया जाएगा, तब तक जमीनी हकीकत कुछ और ही रहेगी। ज्ञान और शोध की वैश्विक स्थिति को देखते हुए भारत को भी अनुसंधान के लिए प्रयास बड़ा करने की जरूरत है। हालांकि नेशनल रिसर्च फाउंडेशन स्थापित करने की बात पहले ही की जा चुकी है। इसकी स्थापना के साथ ही सभी मंत्रालयों को आइआइटी के साथ भी विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में अधिक सहयोग करने की जरूरत है। दो टूक कहें तो उच्च शिक्षा और शोध ऐसे चमकते शब्द हैं जिसकी बेहतर तरीके घिसाई कर दी जाए तो दुनिया में भारत की चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। उच्च शिक्षा और शोध किसी राष्ट्र की प्रगति की रीढ़ होते हैं। उच्च शिक्षा में शोध की भूमिका सबसे अहम होती है।

## आज का राशिफल

### मेष
आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी।

### वृषभ
आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है। कलाकार, लेखक और साहित्यकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

### मिथुन
आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे-सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे। आज आर्थिक लाभ के साथ आपको उपहार भी मिल सकता है।

### कर्क
मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है। विवाद से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है।

### सिंह
आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है।

### कन्या
नए काम की शुरुआत करने के लिए बनाई योजनाएं साकार होंगी। पिता से आत्मीयता बढ़ेगी। उनसे लाभ भी होगा। व्यापारी और नौकरीपेशा लोगों को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने का योग है। धन, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### तुला
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा। आप किसी के साथ बहसबाज़ी न करें।

### वृश्चिक
आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे।

### धनु
अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना-फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे। किसी नए व्यक्ति की ओर आप आकर्षित होंगे और नए लोगों से मिलकर रोमांचित अनुभव करेंगे।

### मकर
आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान-सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे। आज व्यापार धंधे में अच्छा लाभ हो सकेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

### कुंभ
आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है। इच्छित कार्य पूरा न होने पर आप हताशा और बेचैनी अनुभव करेंगे।

### मीन
आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी। मकान और वाहन के दस्तावेजी काम में सावधानी रखें। मानहानि हो सकती है।

## खेल समाचार

# साइना नेहवाल प्री क्वार्टर फाइनल में

## बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले राउंड में हांगकांग की खिलाड़ी को हराया

टोक्यो।

भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल टोक्यो में चल रही वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। साइना के अलावा तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने विमेंस डबल्स में जीत के साथ शुरुआत की है। गायत्री भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद की बेटी हैं। पीवी सिंधु चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रही हैं।

**हांगकांग की चेउंग एनगान यी को हराया :** वर्ल्ड



चैंपियनशिप में पहले सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं साइना ने पहले राउंड के मुकाबले में हांगकांग की चेउंग एनगान यी को सीधे गेम में हराया। 38 मिनट तक चले मुकाबले में साइना ने 21-19, 21-9 से जीत हासिल की। दूसरे राउंड में साइना की भिड़ंत जापानी की नोओमी ओकुहारा से होना था। ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गई हैं। इसलिए साइना को वॉकओवर मिल गया और वे प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। अब साइना का मुकाबला थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान या जर्मनी की युवोनी ली से हो सकता है।

**विमेंस डबल्स में आसान जीत :** विमेंस डबल्स में तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने मलेशिया की यीन युवान लोव और वलीरी सियोव को आसानी से 21-11, 21-13 से हरा दिया।

# एशिया कप से पहले राहुल द्रविड़ को कोरोना

बेंगलुरू।

एशिया कप शुरू होने से चार दिन पहले टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने इसकी पुष्टि की है। एशिया कप में भारत का पहला मैच 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ है। अभी यह साफ नहीं है कि द्रविड़ इस मैच के दौरान टीम के साथ रहेंगे या नहीं। जब से कोरोना महामारी की शुरुआत हुई है, तब से बोर्ड की पॉलिसी कोरोना पॉजिटिव खिलाड़ियों या सपोर्ट स्टाफ को आइसोलेशन में रखने की है। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धमूल ने बताया, टीम के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं हुआ है और चीफ कोच पर फैसला लेना बाकी है। अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि कोच बदला जाएगा या नहीं।






# ग्राम विकास अधिकारी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



मौलासर(नागौर डेली न्यूज)।

ग्राम विकास अधिकारी सोमवार को पंचायत समिति में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए उपशाखा मौलासर विकास अधिकारी संगठन ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम सोमवार को विकास अधिकारी मौलासर श्री किशन जांगिड़ को ज्ञापन सौपा गया। मौलासर ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा मौलासर के अध्यक्ष हनुमान ने बताया कि ज्ञापन सौंपकर लंपी स्किन डिजीज के कारण मृत पशुओं के शव निस्तारण में आ रही जटिलताओं के निराकरण की मांग की । संगठन ने प्रदेश के पशुधन पर लंपी स्किन डिजीज के कारण आए भयावह संकट में मानवीय संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए , इस बीमारी से संबंधित समस्त गतिविधियों में पूर्ण सहयोग करने का निर्णय किया । इस प्राणघातक बीमारी के कारण बहुत बड़ी संख्या में पशु काल का ग्रास बन रहें । ज्ञापन में मांग की कि मृत पशुओं के शवों के निस्तारण में होने वाले व्यय के लिए राशि तथा उसके व्यय के संबंध में स्पष्ट निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया गया है। इस मौके पर ज्ञापन देने में अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारीसंघ उपशाखा मौलासर हनुमान, कुम्भाराम मूंड ,सुभाष कुमार पूनिया, घनश्याम शर्मा, महेश कुमार,सुरेन्द्र कुमार कुमावत, प्रदीप जाखड, मनीष मीना, आनंद कुमार, गणेश थोरी, राजू कुमावत, कपिल भाटी, शहबाज खान सहित ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# भाविप ने जरुरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की गणवेश



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में एवं अभिषेक कुमार अंकुर कुमार काला के सौजन्य से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मालियों की ढ़ाणी (पांचवा) में 35 जरुरतमंद विद्यार्थियों को विद्यालय गणवेश वितरित की गई। गणवेश पाकर विद्यालय के बच्चे उत्साहित नजर आये। संस्था के सहसचिव राघव सारड़ा ने बताया कि इस दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष मोहित सेठी, संपर्क प्रमुख अंकुर काला, शरद सोमानी, महेश रामचन्द्रका व अन्य सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप पारीक व अन्य स्टाफ ने इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाह और संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम पंवार ने मनोनीत पार्षदों को दिलवाई शपथ



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार द्वारा मारवाड़ मूण्डवा नगरपालिका के लिए 6 मनोनीत पार्षदों का चयन किया गया। इन छ वार्ड पार्षदों को उपखण्ड कार्यालय में मंगलवार को उपखंड अधिकारी सुनील पवार ने शपथ दिलवाई। मनोनीत वार्ड पार्षद किशनाराम मेघवाल, गीता काला, श्याम सुंदर राव, विजेंद्र तंबोलिया, शौकीन खोकर व अशरफ को मंगलवार को शपथ दिलवाई गई। समारोह में पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री हाजी हबीबुर्रहमान अशरफी लाम्बा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम सदावत, मूण्डवा तहसीलदार मनीराम खींचड़, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पिंटू लाल जाट, पंचायत समिति विकास अधिकारी मनवीर बेनीवाल, सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात मनोनीत वार्ड पार्षदों का शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में शहर वासियों ने मनोनीत वार्ड पार्षदों को पुष्प मालाएं पहनाई एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गाजे बाजे के साथ इन सभी वार्ड पार्षदों को उनके निवास स्थान तक पहुंचाया गया। शहर वासियों ने जुलूस में नाच गाकर खुशियों का इजहार किया।

# शिक्षा के बिना जीवन अधूरा : डांगा

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा (नागौर डेली न्यूज)।** शिक्षा ही जीवन है। शिक्षा के बिना जीवन निर्रथक होता है। समय के साथ हमें बदलना होगा और अपनी सारी ताकत शिक्षा को बढ़ावा देने में लगा देनी होगी।उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि रेंवतराम डांगा प्रधान प्रतिनिधि ने यहाँ के सारडा भवन में आयोजित सत्रारंभ माध्यमिक व उच्च माध्यमिक संस्था प्रधानों की मूंडवा ब्लॉक स्तरीय वाक्पीठ संगोष्ठी में अभिव्यक्त किये।विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रामनिवास जाँगिड, एडीईओ राधेश्याम गोदारा ,एडीपीसी बस्तीराम सांगवा और सीबीईओ मानाराम पचार रहे। संगोष्ठी संयोजक भंवरलाल जाट प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडवा ने बताया कि प्रथम दिन राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम,भामाशाह व ज्ञान संकल्प पोर्टल प्रक्रिया,प्रार्थना सभा का प्रभावी संचालन व प्रवेशोत्सव,राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ एवं छात्रवृत्तियाँ,आईसीटी लैब व मिड डे मिल योजना,प्रशासन गावों व शहरों के संग अभियान में भवन व मैदान पट्टों की प्रक्रिया,पे मैनेजर व निलामी और शिक्षक सम्मान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर क्रमशः राकेश चौधरी, सत्तार खान,जेठाराम,अनूप शेखावत, सत्येन्द्र कौशिक, रामावतार, बलदेवराम जाँगिड, रामविलास राजावत ने वार्ताएं दीं ।

# मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

## मेड़तारोड पुलिस की रही शानदार कार्यवाही

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी द्वारा चलाए गए बढ़ती चोरियों पर लगाम कसने हेतु अभियान के तहत मेड़ता रोड पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया है। मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी रामअवतार पुत्र राम रतन जाति कुम्हार उम्र 33 वर्ष निवासी मेड़ता रोड ने थाने में उपस्थित होकर 23 अगस्त को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में प्रार्थी ने बताया कि 22 अगस्त को रात्रि के समय अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर तीन महंगे मोबाइल चोरी कर ले गए। जिस पर मेड़ता रोड थाना अधिकारी ने हेड कांस्टेबल प्रहलाद राम, कांस्टेबल दिनेश, प्रेमाराम व भागीरथ आदि की एक टीम तैयार कर मोबाइल चोरी के दो आरोपी विकास पुत्र गौरीशंकर 18 साल निवासी जादोपुर बिहार हाल सांगरिया जोधपुर व पंकज कुमार पुत्र टुनटुन कुशवाह जाति माली उम्र 18 साल निवासी अवंती थाना नुआना जिला कैमूर बिहार हाल संगरिया जोधपुर को भादस की धारा 457, 380 के तहत गिरफ्तार किया है। तथा आरोपियों से मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपीयों से गहनता से पूछताछ कर रही है।



# मनीषा ने जिले का बढ़ाया मान

**राज्य स्तरीय 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में गोल्ड व सीनियर में सिल्वर मेडल जीतकर दिखाई प्रतिभा**



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** बीसवीं राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में मेड़ता की बेटी ने अपना लोहा मनवाया है। क्षेत्र के बासनी सेजा का गांव निवासी मनीषा चौधरी ने 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जूनियर श्रेणी में गोल्ड और सिनियर श्रेणी में सिल्वर मेडल जीतकर सिर्फ अपने परिवार या गांव का ही नहीं बल्कि जिले का नाम रोशन किया है। राजधानी जयपुर के जगतपुरा में बीस वीं राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें राजस्थान के अलग-अलग जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया । इन्हीं खिलाड़ियों में शामिल बासनी सेजा की मनीषा 19 पुत्री रामलाल चौधरी ने भी दो मेडल अपने नाम किए। मनीषा की बड़ी बहन चंचल चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल एन आर में 400 में से 398 अंक हासिल किए। इसी शानदार प्रदर्शन के चलते मनीषा ने जूनियर कैटेगरी में स्वर्ण पदक तथा सीनियर केटेगरी में सिल्वर पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। मनीषा का कहना है कि अब वह राष्ट्रीय स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर अपने प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। जब वह स्पर्धा में हिस्सा लेकर अपने गांव लौटीं तो वह ग्रामीणों की ओर से उन का साफा बांधकर सम्मान भी किया गया। अब आसपास के क्षेत्रों से मनीषा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# आंतरोली से रामदेवरा तक पैदल संघ रवाना

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** डेगाना के ग्राम आंतरोली कला से बाबा रामदेवसापीर की 25 वीं पैदल यात्रा का जत्था रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। सुरेंद सिंह आंतरोली कल्ला ने बताया कि आज से 25 साल पहले मात्र 2 भक्त कान सिंह और कैलाश नाथ ने बाबा रामदेवसापीर की पैदल यात्रा शुरू की थी। इस यात्रा में सभी भक्त डीजे के साथ बाबा के भजन और जयकारों से हर वर्ष यात्रा पर पैदल रामदेवरा तक जाते हैं।

भादवा की दूज को दर्शन कर वापिस लौटते हैं, इस यात्रा में सुरेंद्र सिंह आंतरोली, झब्बर सिंह,बबलू सिंह, भवानी सिंह भाटी,पूर्व सरपंच भंवरा राम महिया, भूरा राम मेघवाल, नरसी नाइक, महावीर शर्मा, शिवलाल बड़ा, शंकर जाट, छोटू राम, गौदूराम , रमेश, नागू राम मेघवाल, समदर नाथ, मुकेश नाथ, रामदेव हरिजन, अशोक वैष्णव, बबलू नाइक, जयप्रकाश दर्जी सहित लोग यात्रा में बाबा के दर्शन करने रामदेवरा पैदल यात्रा में गए हैं।

# डेगाना छात्र संघ चुनावों में होगा त्रिकोणीय मुकाबला

## एबीवीपी ने नहीं उतारा अपना पैनल




शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना कालेज में छात्र संघ अध्यक्ष के चुनावों में सोमवार को चार प्रत्याशियों ने नामाकंन भरें थे, जिसमें से मंगलवार को नाम वापसी के दिन एक प्रत्यासी ने अपना नाम वापस लिया। इसमें अब अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणिय मुकबला होगा। कालेज प्राचार्य संजय भारद्वाज ओर निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि मंगलवार को नाम वापसी के बाद अब एनएसयूआई से वंश शर्मा तथा निर्दलीय अंजू मेघवाल एंव संजय काला के बीच अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला होगा। इसमें एनएसयूआई पैनल में उपाध्यक्ष के लिए धन्नाराम मेघवाल, महासचिव मनीषा कवंर, संयुक्त सचिव कृष्णा खण्डेलवाल प्रत्यासी होंगे। निर्दलीय संजय काला के पेनल में उपाध्यक्ष आरूषी भार्गव, महासचिव निखिल वर्मा ओर संयुक्त सचिव दीपेन्द्र होंगे। उपाध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय मौहम्मद रेहान, महा सचिव युवराज सिंह ओर रेखा देवी भी चुनावी मैदान मे अपनी किस्मत आजमा रहै है। प्राचार्य संजय भारद्वाज ने बताया की 26 अगस्त को कालेज मे छात्र संघ के चुनाव के लिए मतदान होंगे, जिसकी पूरी तैयारी की जा रही है।

चुनावों को लेकर कालेज के छात्र अपने मतदाता परिचय पत्र 25 अगस्त तक कालेज से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कालेज द्वारा जारी किये परिचय पत्र के बिना मतदान कोई भी छात्र मतदान में भाग नहीं ले सकता।

# वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने गायों को औषधी लड्डू बनाकर खिलायें

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** लंपी रोग से गौवंश को बचाने के लिए अब कई सामाजिक संगठन भी आगे आ रहे है, जिसमें मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति डेगाना की ओर से कई प्रकार की आयुर्वेदिक औषधियों को मिलाकर लड्डू बनाये, जिन्हें डेगाना शहर की गौशालाओं में व शहर में घूमने वाली आवारा गौवंश को खिलाए गये। इस दौरान कन्हैयालाल स्वर्णकार, अंबालाल सोनी, गौरी शंकर सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, सत्यनारायण सोनी, हनुमान प्रसाद सोनी, मनदीप सोनी खुशाल चंद सोनी पपुसोनी गणपत राज सोनी, आसाराम मुंडेल कन्हैयालाल स्वर्णकार मदन लाल वैष्णव, डॉक्टर कैसे माथुर, गिरवर सिंह, भंवरलाल सारण, पूनम चंद सोनी, नरेंद्र अरोड़ा, अब्दुल गनी,भंवर लाल डूडी, पवन सोमानी, जवरीलाल टेलर, कालूराम मुंडेल मौजूद रहे।

# एसडीएम ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लंपी स्किन बीमारी की रोकथाम, राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल आयोजन, मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने और प्रशासन शहरों के संग अभियान जैसे मुद्दों पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की आज साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। ग्रामीण ओलंपिक के संबंध में शिक्षा विभाग एवम् विकास अधिकारी को विस्तृत निर्देश जारी किए गए। इस बैठक में आमजन से भी अपने मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने की अपील की गई। लंपी स्किन डिजीज पर सभी विभागों से विस्तृत से चर्चा की गई और पशु चिकित्सा विभाग को दवाई और हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध जारी करने के निर्देशित किया गया। बैठक में सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अडान टूटने से 12 श्रमिक घायल, एक की मौत

## ऊपर वाली अंडमान टूटी तो नीचे वाली दो अडान पर बैठे श्रमिक भी आए चपेट में

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता सिटी उपखण्ड के बीटन और बायड़ फांटे के बीच सोमवार की शाम एक निर्माणाधीन चूना भट्टे की अडान टूट जाने से 12 श्रमिक घायल हो गए। एक गंभीर घायल की मौत हो गई जबकि छह गंभीर घायलों को मेड़ता सिटी से अजमेर रेफर कर दिया गया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए ग्रामीणों के अनुसार बीटन और बायड फांटे के बीच एक चुना भट्टा के निर्माण का कार्य चल रहा था तथा भट्टा काफी ऊंचाई पर बन रहा था। उस पर तीन अडान लगाकर श्रमिक कार्य कर रहे थे। इस दौरान



दोपहर में ऊपर वाली अडान अचानक टूट गई। इस अडान के नीचे दो और अडान थी। ऐसे में ऊपर वाली अडान पर काम कर रहे 4 श्रमिक नीचे वाली अडान पर गिरे जिससे वह भी टूट गई और फिर दोनों अडान के 8 श्रमिक सबसे नीचे वाली अडान पर काम कर रहे श्रमिकों पर गिरे। चूना भट्टे के नीचे काम कर रहा है एक अन्य श्रमिक भी श्रमिकों की चपेट में आ गया। जिससे कुल मिलाकर चूना भट्टे पर कार्य करने वाले 12 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहले सभी गंभीर घायलों को बोरुंदा चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां पर स्थिति गंभीर होने के कारण मेड़ता सिटी चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। मेड़ता सिटी में प्राथमिक उपचार देने के बाद छह गंभीर घायलों को अजमेर रेफर कर दिया गया है। इस दौरान एक गंभीर घायल गगराना निवासी इनायत अली पुत्र इलियास उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। जबकि अन्य 12 श्रमिक घायल हुए हैं।

### यह श्रमिक हुए घायल

चुना भट्टे पर कार्य कर रहे मेहराज, अजहरुद्दीन,तौसिम, फारुख, इमरान, सलीम, अरमान, महबूब, रहमान, मुराद अली, फारुख व मनीषा घायल हो गई जबकि एक श्रमिक इनायत की मौत हो गई। यह सभी श्रमिक गगराना व आसपास के बताए जा रहे हैं।

# जयकारों के साथ मूण्डवा से रामदेवरा के लिए वीर तेजा पैदल संघ रवाना



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा (नागौर डेली न्यूज)।** वीर तेजा पैदल संघ की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर तेजा पैदल संघ दिनांक 23 अगस्त मंगलवार को मूण्डवा से रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। वीर तेजा पैदल संघ के बैनर तले शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों पैदल यात्री रवाना हुए। संघ के सदस्य धीरज मूण्डेल ने बताया कि शहर के बाबा रामदेव मन्दिर में आरती के बाद संघ रामदेवरा के लिए रवाना हुआ।

इससे पूर्व शहर के मुख्य मार्गो से सड़कों से होते हुए विशाल जुलूस निकाला गया। जगह जगह संघ का शहरवासियों ने मालाएं पहनाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वीर तेजा पैदल संघ में धीरज मुंडेल, विजेश जांगिड़, मुकेश टेलर, भीरम राव, चंद्रप्रकाश, शिवनारायण, सुरेश, महेश, राजेंद्र, संपत, धर्मेंद्र, आनंद टेलर, पन्नाराम, राजू, भाकल, भूराराम जोशी संघ मे रवाना हुए।

# बछ बारस पर सुहागिन महिलाओं ने की गो बछड़े की पूजा

## पूजन के साथ ही गायों के स्वस्थ्य होने की कामना की

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** मंगलवार को सुहागिन महिलाये अपने पुत्र की दीर्घायु की कामना के लिए बछ बारस के पावन अवसर पर गाय बछड़े का पूजन किया। मंगलवार को सुबह गाय बछड़े के तिलक लगाकर गाय माता को वस्त्र अर्पण किया और मेहंदी लगाई। इस दिन महिलाओं ने घरों मे गाय के दूध का उपयोग नहीं किया ओर घरों में गेहूं से बनी रोटी और चाकू से कटी सब्जी नहीं बना कर बाजरा की रोटी ओर मोठ की सब्जी बनाकर खाई। महिलाओं की ओर से बछ बारस का उद्यापन भी किया जाता है। गाय पूजन के लिए महिलाये गोपालको एवं गौशाला में जाकर पूजा की ओर पूरे दिन व्रत नियम का पालन किया। गाय बछड़े की पूजा के लिए महिलाओ की जगह जगह भीड़ देखने को मिली।

### संकट में गोवंश

लंबी आयु का वरदाने वाली गोमाता आज खुद जिंदगी ओर मौत का सामना कर रही है, जिसे लेकर लोगो मे गहरी चिंता है। मंगलवार को बच्छ बारस के दिन जहां सुहागिन महिलाओं ने गाय बछडे की पूजा कर अपने पुत्र के दीर्घायु के लिए कामना की वहिं दूसरी तरफ आज लंपी बीमारी के संकट मे आई गोवंश की जान बचाने के लिए भगवान से कामना की।

आज गोवंश की दुर्गति हो रही है लेकिन कोई भी प्रशासन जनप्रतिनिधि गोवंश की सुध नहीं ले रहा है जिसके चलते अब लंपी बीमारी धीरे-धीरे विकराल रूप लेती जा रही है और गोवंश प्रतिदिन मौत का ग्रास बनते जा रहे हैं। जिनकी रक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना की।

## रामदेवरा जा रहे दो पैदल जातरुओं की सड़क हादसे में मौत



**नागौर(नागौर डेली न्यूज) :**

नागौर से रामदेवरा जा रहे दो पैदल जातरुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा देऊ फांटा के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक लोडिंग टैम्पो ने सड़क किनारे पैदल चलते जातरुओं को पीछे से टक्कर मार दी। दोनों सड़क से 6 फीट दूर खेत के किनारे जाकर गिरे। मौके पर ही दोनों जातरुओं की मौत हो गई। जिले के पांचौड़ी थाना क्षेत्र के देऊ फांटा पर हादसे में कोतवाली थाना इलाके के चेनार निवासी मूलचंद (45) पुत्र रामसिंह और ताउसर निवासी राजेंद्र पुत्र छोटमल उम्र 40 की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव पांचौड़ी सरकारी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाए। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। राजेंद्र और मूलचंद दोनों रामदेवरा दर्शन करने पैदल जा रहे थे। वे देऊ फांटा पर पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे लोडिंग टैम्पो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पांचौड़ी पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। पुलिस टैम्पो ड्राइवर की तलाश कर रही है।

# मृत पड़ी गायों को दफनाने को लेकर दो गुट हुए आमने-सामने

## मूंडवा एसडीएम सहित कई अधिकारी पहुंचे मौके पर

### दोनों पक्षों को शांत कर निकाला बीच का रास्ता

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा के निकट झुझन्डा गांव में मृत पड़ी गायों को दफनाने को लेकर दो गुट हुए आमने-सामने हो गए। झुझंडा गांव में मंदिर के पास, अस्पताल के पास, नाडी के अंगोर में पिछले पांच दिनों से गौवंश मृत पड़ा था। गांव के एक पक्ष का कहना था कि वर्षों से जिस जगह मृत पशुओं को डाला जाता है उसी जगह पर मृत पशुओं को डालेंगे। इस जगह पर अतिक्रमणयों ने अतिक्रमण कर रखा है, लेकिन दूसरा पक्ष इस बात को लेकर मना कर रहा था कि उनके घर हड्डी खोड़ा के समीप हैं इसलिए मृत पशुओं को नहीं डालने देंगे। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। सोमवार को ग्रामीण इकट्ठा होकर जिला कलेक्टर को हड्डी खोड़ा यथास्थान पर रखने के लिए ज्ञापन दिया। उसी को लेकर मंगलवार को मूंडवा उपखण्ड अधिकारी सुनील पवार, तहसीलदार मनीराम खीचड़, मूंडवा विकास अधिकारी मनवीर सिंह बेनीवाल, थानाधिकारी रिछपाल सिंह सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों को शांत कर बीच का रास्ता निकालते हुए गांव के बाहर गैर मुमकिन मगरे पर खड्डा खोदकर गायों को दफनाया। उपखंड अधिकारी सुनील पंवार ने बताया कि ग्रामीणों की इस समय का समाधान समय पर पूरा करेगी गांव में सरकारी जमीन से 3 बीघा जमीन हड्डी खोड़ा के लिए जल्द ही आवंटित की जाएगी।

## बाइक फिसलने से एक घायल



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के खजवाना बाईपास कुछ दूरी पर मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे एक बाइक सवार बाइक फिसलने से घायल हो गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की सहायता से चालक मुन्नालाल व ईएमटी सुरेंद्र सिंह घायल को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचेरा लाया गया, जहां पर कुचेरा सीएचसी डॉक्टर कमलेश जोशी व नर्सिंग स्टॉफ भवानी शंकर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। पूछताछ में घायल ने अपना नाम अन्नाराम पुत्र कानाराम निवासी जंजीला परबतसर का होना बताया। वह जोधपुर से अपने गांव परबतसर जा रहा था रास्ते में कुचेरा खजवाना बाईपास से कुछ ही दूरी पर है अचानक बाइक फिसलने से घायल हो गया।

## बछ बारस पर महिलाओं ने किया दान पूण्य, गायों की गई पूजा

पुखराज ताناण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के रेल्वे स्टेशन पर महिलाओं ने बछ बारस के अवसर पर मंगलवार को अपने संतानों और पति की लंबी उम्र की कामना के साथ महिलाओं ने गाय की पूजा की। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गाय की पूजा करने से संतानों की आयु लंबी होती है और वे निरोगी रहती है सुबह 6 बजे महिलाओं ने रेल्वे स्टेशन सहित आसपास की गायो और बछड़ो की पूजा अर्चना के बाद भगवान कृष्ण से गौरक्षा की कामना की तथा गायो को गुड और रोटी खिलाई गयी।

# राजस्थान उर्दू अकादमी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे : खालिद

## खालिद अयूब मिस्बाही शेरानी राजस्थान उर्दू एकेडमी के सदस्य मनोनीत

### अल्पसंख्यक आयोग व वक्फ बोर्ड चेयरमैन ने दी बधाई

अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान सरकार के कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अधीनस्थ राजस्थान उर्दू अकादमी, जयपुर द्वारा शेरानी आबाद के मुफ्ती खालिद अयूब मिस्बाही महासचिव आइक्यू ट्रस्ट को उर्दू अकादमी के सदस्य के तौर पर मनोनीत किया गया है। राजस्थान उर्दू अकादमी के सदस्य मनोनीत करने पर कस्बे सहित आसपास के लोगों एवं राजस्थान भर में उनके चाहने वालों ने बधाईयां देकर खुशी प्रकट की। राजस्थान उर्दू अकादमी के अध्यक्ष के तौर पर डॉ हुसैन रजा खान, पूर्व एच ओ डी उर्दू, राजस्थान युनिवर्सिटी को नियुक्ति दी गई है। इस मौके पर मुफ्ती



खालिद अयूब मिस्बाही ने कहा कि हम भारतीयों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि उर्दू हमारे देश में जन्म लेकर दुनिया के कई देशों में अपनी पहचान बनाने वाली भाषा है। उर्दू को बोलचाल की मात्र एक भाषा के रूप में नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति के रूप में भी देखा जाना चाहिए। उर्दू की एक विशेषता यह भी है कि यह बहुत मीठी जबान है जो बहुत तेज़ी के साथ लोगों के बीच अपनी जगह बनाती है। यही कारण है कि बॉलीवुड और संगीत की दुनिया हो या आम बोलचाल उर्दू हर जगह नज़र आती है।

**मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा दी जिम्मेदारी को ठीक से निभाऊंगा :** उन्होंने कहा कि राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दी गई इस साहित्यिक जिम्मेदारी को ठीक से निभाते हुए राजस्थान उर्दू अकादमी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के प्रयास किए जाएंगे। सुन्नी तबलीगी जमाअ़त शिक्षण संस्थान के मौलाना उमर फारूक खान ने कहा कि उर्दू के प्रसिद्ध शोधकर्ता और आलोचक हाफिज महमूद खान शेरानी और विश्व प्रसिद्ध रोमानियाई कवि अख़्तर शेरानी की मातृभूमि शेरानी आबाद से युवा लेखक और उर्दू प्रेमी मुफ्ती खालिद अयूब मिस्बाही का उर्दू अकादमी के सदस्य के तौर पर नियुक्त किया जाना उर्दू के भविष्य के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।

### किया खुशी का इजहार

आदर्श नगर विधायक एवं अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन रफीक़ खान, डॉक्टर खानू खान बुधवाली चेयरमैन वक़्फ़ बोर्ड, राजस्थान,हाजी हबीबुर्रहमान अशरफी पूर्व विधायक नागौर, लेखक एवं कवि नजीर फतेहपुरी पुणे, राजस्थान उर्दू अकादमी सेकेट्री सैयद मोअ़ज़म अली, मेड़ता शहर काजी अकरम उस्मानी,आईक्यू ट्रस्ट के अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद अशरफ बरकाती,डॉक्टर अखलाक अहमद उस्मानी, डॉक्टर हुसैन रज़ा,चैयरमेन उर्दू अकादमी, डाक्टर ग़ौस मोहम्मद अज़हरी हैदराबाद, मौलाना प्यार मोहम्मद शेरानी,मौलाना शहादत अली, नफीस अहमद सहित सैंकड़ों लोगों ने खुशी प्रकट कर बधाई दी।

## महिलाओं ने की गाय-बछड़े की पूजा

**मौलासर(नागौर डेली न्यूज) :**

वत्स द्वादसी के अवसर पर मंगलवार को कस्बे सहित आस- पास के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा गाय एवं बछड़े की पूजा की गई। बछबारस पर महिलाओं द्वारा ब्रह्ममुहूर्त में नए वस्त्राभूषणों से सज-धजकर गाय व बछड़े की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद वत्स द्वादसी की कहानी सुनी। इस दौरान महिलाओं ने व्रत-उपवास आदि रखकर अपने पुत्र की सुख-समृद्धि एवं लम्बी उम्र की कामना की।

घरों में मूंग और चने के व्यंजन बनाए गए एवं महिलाओं ने चाकू से कटी खाद्य सामग्री का सेवन नहीं किया। इसी क्रम मे कस्बे सहित ग्राम निमोद,बांसा,निम्बा का बांस, लादडिया़ भदलिया में वत्स द्वादशी पर महिलाओं ने दूध, दही, अक्षत, मेहन्दी, मौली, कंकुम, कपूर, ताम्बूल आदि सामग्री से गौ वत्स का पूजन कर कथा सुनी। तत्पश्चात अपने पुत्रों को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट किया।

### क्यों मनाई जाती है बछ बारस

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन बछड़े की मां (गाय) का पूजन करने से पुत्र दिर्घायु होता है और संकट से बचा रहता है। गौ पूजन के पश्चात महिलाओ द्वारा घर के सामने गोबर से छोटी तलाई



का आकार बनाकर पूजा की। पुरानी कहानी व मान्यता के अनुसार एक गावं में पानी की कमी के चलते तालाब की खुदाई की जाती है, तालाब मे पानी नही आने के बाद किसी के बताये अनुसार तालाब में हंसराज-बच्छराज नाम के दो युवको की बली दी जाती है। कहानी के ही अनुसार दोनो युवको की मां को इस बात का पता नही होता है, वो जब अपने बच्चो को आवाज देती है तो मातृशक्ति के चलते तालाब की मिट्टी में दबाकर बली दिये गये दोनो जने मिट्टी से सने जिंदा होकर लोट आते है। कहा जाता है इसी कहानी के विश्वास के आधार पर बच्छ बारस का पर्व मनाया जाता है।

## राज्य में भ्रष्टाचार व महंगाई चरम पर : किनसरिया



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को परबतसर के पूर्व विधायक मानसिंह किनसरियां निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कस्बे के एकदिवसीय दौरे पर पहुँचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व विधायक किनसरियां ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चुनौती बनी हुई है। राज्य में हालात खराब है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की लचर कानून व्यवस्था का ही नतीजा है कि असामाजिक तत्व खुलेआम हत्या को अंजाम देकर शांतिप्रिय प्रदेश के सौहार्द, सद्भाव एवं शांति को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं। इससे पहले चूरू, करौली, अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा व हनुमानगढ़ में भी लचर कानून व्यवस्था के कारण हुई सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली घटनाएं कांग्रेस पार्टी की सरकार में वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित थी। अब उदयपुर जैसे शांतिप्रिय शहर में ऐसी घटना होना सरकार की विफलता को दर्शा रही है। राज्य में भ्रष्टाचार और महंगाई चरम पर है। प्रदेश की जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही हैं। प्रदेश की लचर कानून-व्यवस्था के कारण प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है। अब तो हाल यह हो गया है कि अन्य राज्यों के अपराधी भी यहां आकर ही शरण ले रहे हैं। सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल साबित रही है।

### सरकार ने तोड़ी किसान व मजदूर की कमर

किसान और मजदूर की कमर सरकार ने तोड़ दी है। एक को फसल का दाम नहीं मिलता है और दूसरे को काम नहीं मिल रहा। प्रदेश में मॉब लिंचिग की बढ़ती घटनाएं कांग्रेस सरकार के लचर कानून व्यवस्था का ही परिणाम है। राज्य की कानून व्यवस्था संभालने में विफल अशोक गहलोत अपनी सरकार की सभी विफलताओं का ठीकरा केन्द्र पर डालते हैं, जो हास्यास्पद है, वह यह स्वीकार करने को क्यों तैयार नहीं हैं कि उनकी सरकार के संरक्षण में हिंसा और दंगे हो रहे हैं ? राजस्थान में कांग्रेस सरकार अंतिम सांसें गिन रही हैं। इसके बाद उन्होंने पत्रकार जुगल दायमा के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस अवसर पर भकरी सरपंच अख्तर हुसैन, मूलसिंह चिताई, दौलत माली, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गोपीराम मुंडेल, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष इब्राहिम खां मौलाना, धर्माराम मुंडेल, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नारायण सेवा संस्थान में हुआ कुचामन के मंत्री दम्पति का सम्मान

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नारायण सेवा संस्थान के बड़ी आश्रम में शीव महापुराण कथा के अवसर पर कुचामन इकाई के अध्यक्ष श्याम सुन्दर मंत्री के लॉयन्स प्रांत 3233 ई 2 के उप प्रान्तपाल द्वितीय के पद पर निर्वाचित होने पर एवं शोभा मंत्री द्वारा अपने पति द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों में अतुलनीय योगदान के लिये सम्मान किया गया। नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी देवेंद्र चोबीसा एवं व्यासपीठ पर बिराजमान गुजरात की दिपाली दीदी ने मंत्री दम्पति का पगड़ी, दुप्पट्टा, मोमेन्टो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। और शीव महापुराण कथा के लाईव कार्यक्रम में श्याम सुन्दर मंत्री द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री नारायण सेवा संस्थान के शाखाध्यक्ष, लॉयन्स ईन्टरनेशनल प्रान्त 3233 ई 2 के उप प्रान्तपाल द्वितीय, ईन्टरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष,



गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के राष्ट्रीय महासचिव, भारतीय जन फ़ाऊंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री, भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रबंध समिति सदस्य एवं उड़ीसा प्रान्त के प्रभारी, कुचामन विकास समिति के उपाध्यक्ष, अन्तर्राष्टीय सहयोग परिषद के सदस्य, केंद्र सरकार की ज़िला विकास एवं समन्वय समिति आदि अनेक संगठनों से सेवा के कार्यों में संलग्न है और इतने संगठनों से जुड़कर विभिन्न प्रकल्पों पर कार्य करना बहुत कठिन है जो मंत्री जी कर रहे हैं । आपने माहेश्वरी समाज में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री पश्चिमांचल , आल इन्डिया वैश्य फ़ेडरेशन में राष्ट्रीय संगठन मंत्री, श्री कुचामन गौशाला के अध्यक्ष आदि अनेक पदों पर भी कार्य किया है, तथा आपको विकलांग लोगों के कल्याणार्थ सर्वोत्तम व्यक्ति राष्ट्रीय पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों से, रक्तदान के क्षैत्र में महामहिम राज्यपाल मदनलाल खुराना से राज्य की सर्वश्रेष्ठ संस्था का सम्मान, भास्कर समूह द्वारा रक्तदान के क्षैत्र में राष्ट्रीय स्तर पर इन्डिया प्राईड सम्मान यूके के वर्ल्ड रिकॉर्ड पब्लिकेशन द्वारा 40 वर्षों की दिर्घकालिक सामाजिक सेवा एवं कोविड-19 में महत्वपूर्ण योगदान के लिये वर्ल्ड रिकॉर्ड-स्टार 2020 सम्मान के साथ विभिन्न संस्थाओं द्वारा अनैक अवसरों पर सम्मानित किया गया है।

## हिसार में अग्निपथ भर्ती रैली की स्क्रीनिंग प्रक्रिया की समाप्ति

धनेश कुमार

**नागौर डेली न्यूज।** हिसार में अग्निपथ भर्ती रैली की स्क्रीनिंग प्रक्रिया 23 अगस्त 22 को समाप्त हो गई है और आने वाले दिनों में केवल चिकित्सा परीक्षण और समीक्षा चिकित्सा आयोजित की जाएगी। इस अग्रणी रैली के लिए 22000 से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें लगभग 17000 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। रैली में हिसार, जींद, फतेहाबाद और सिरसा जिलों की 30 तहसीलों/उप तहसीलों के युवाओं ने भाग लिया. हिसार और जींद जिलों के अग्निवीर जीडी उम्मीदवारों के लिए अंतिम दिन निर्धारित किया गया था। अंतिम दिन के लिए लगभग 2400 पंजीकृत उम्मीदवारों में से लगभग 1800 उम्मीदवारों ने रैली में भाग लिया। भर्ती निदेशक, एआरओ हिसार ने कहा कि अग्निपथ भर्ती रैली में युवाओं की भारी भागीदारी ने इस रैली को शानदार सफलता दिलाई. चयनित उम्मीदवार अब 16 अक्टूबर 22 को हिसार मिलिट्री स्टेशन में होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे।



## महामारी से बचाव के लिए गायों को आयुर्वेदिक काढ़ा के लड्डू बनाकर खिलाया



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज़ ) :** बड़ी खाटू के निकटवर्ती ग्राम सांडिला की श्रीकृष्ण गोशाला में गायों को महामारी से बचाने के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा के लड्डू बनाकर खिलाया गया। जन अधिकार सेना संघटन के जिलाध्यक्ष रामकिशोर बटेसर ने बताया की सभी ग्रामवासी गोवंश के इस संकट की इस स्थिति में लंपी डेजीज रोग से ग्रसित गायों को बचाने के लिए पूरा गांव तन मन और धन से सहयोग कर रहे हैं सामाजिक कार्यकर्ता गोकुल साहू ने मुहिम चला कर ग्रामवासियों से पचास हजार से ज्यादा रू की सहयोग राशि इक्कट्ठी कि जिसको बीमार गायों के इलाज के लिए लगाए जायेंगे साथ ही समस्त ग्रामवासीयो ने बिमार गायों की सेवा के लिए गोशाला में शिविर लगाया जिसमे सभी ग्रामीण जन हमेशा उपस्थित होकर गायों के लिए हरा चारा गुड़ की लापसी आदि बनाकर गायों को खिलाते हैं सुबह शाम गायों को सैनिटाइज करते हैं साथ ही पशु कंपाउंडर हर समय तत्पर रहकर गायो को टीका लगाते हैं सभी युवा व ग्रामीण गायों को बचाने के पूरी तरीके से सेवा में समर्पित है।

## दोतीना से पैदल श्रीराम संघ रामदेवरा रवाना



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** दोतीना गांव से 22 वी बार श्रीराम संघ पैदल रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। मंगलवार को सुबह 4 बजे से बाबा रामदेव मंदिर की पूजा अर्चना करके पैदल यात्रियों के संघ डीजे की धुन के साथ ही कुछ विशेष व्यक्तियो के द्वारा संघ को रवाना किया। दोतीना से जसाराम, अर्जुनराम, शंकरलाल, रिछपाल, जीतू, भरत, हनुमान, सुरेंद्र, कालूराम, प्रेमाराम, मनोहर, जगदीश, धर्माराम, सम्पत, रोसनलाल, रामलाल, गोपाल, सुमित, दिलीप, जितेंद्र कुल 21 लोग रवाना हुए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com